बेतवांचल

नवभारत

भोपाल, मंगलवार 4 अगस्त, 2026

शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज

देवपुर में आस्था का सागर, दिनभर रहा मेले जैसा माहौल

नवभारत न्यूज

सिरोंज 3 अगस्त, श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम, देवपुर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा. तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गईं. श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में स्नान कर भगवान विश्वनाथ का जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया. मंदिर समिति ने महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग दर्शन व्यवस्था, बारिश से बचाव के लिए टीनशेड तथा जलाभिषेक की विशेष व्यवस्था की.

बाबा विश्वनाथ तीर्थ कल्याण समिति के अध्यक्ष अरविंद पालीवाल ने बताया कि दिनभर में लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं के देवपुर पहुंचने का अनुमान है. मंदिर परिसर के साथ नगर के प्रमुख शिवालयों में भी दिनभर भक्तों की भीड़ रही. देवपुर में मेले जैसा माहौल देखने को मिला. प्रसाद, पूजन सामग्री, खिलौने एवं खान-पान की दुकानों पर दिनभर रौनक रही, जबकि झूले बच्चों और युवाओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे. भजन-कीर्तन, कांवड़ यात्राओं और हर-हर महादेवके जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया. मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की थीं.

कांवड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

विदिशा 3 अगस्त. श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई. मां बेतवा के बड़वाले घाट से पवित्र जल भरकर सैकड़ों शिवभक्त एवं **मातृशक्ति हर-हर महादेव के जयघोष के साथ माधवगंज स्थित कांच मंदिर पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया.**

यात्रा बेतवा घाट से बजरिया, बड़ा बाजार, तिलक चौक और निकासा मार्ग से निकली. रास्ते में श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. करीब तीन किलोमीटर की पदयात्रा चार घंटे में पूरी हुई. कांवड़ यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान श्री महाकाल की भव्य शाही सवारी रही. विशेष रूप से सुसज्जित पालकी में विराजमान महाकाल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े.

एक नजर में

महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री व सांसद के खिलाफ किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

विदिशा, सोमवार को जिला महिला कांग्रेस ने बरईपुरा चौराहा पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी एवं सांसद कंगना रनौत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया. महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए दोनों नेताओं के बयानों की निंदा की. जिलाध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर महिला कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी. पूर्व महामंत्री सुभाष बोहत एवं जिला प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने संबंधित नेताओं से माफी की मांग की. कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष प्रीति कुशवाहा, जवाहर सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर जश्न

नवभारत न्यूज

नटेरन. दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की जीत पर सोमवार को नटेरन स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया. इस दौरान आतिशबाजी की गई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की गई. कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शरद शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे. सभी ने कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को संगठन और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया.

बरेठा में फिर चोरी, सूने कमरे का ताला तोड़कर नकदी व जेवर ले उड़े चोर

पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने किया मौका मुआयना

नवभारत न्यूज

कुरवाई. ग्राम बरेठा में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाकर नकदी और जेवरात चोरी कर लिए. घटना के बाद सोमवार को पीड़ित कैलाश कुर्मी ने थाना कुरवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई. सूचना मिलते ही एसडीओपी रोशनी सिंह, थाना प्रभारी आर.के. मिश्रा एवं

जिला फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

फरियादी कैलाश कुर्मी ने पुलिस को बताया कि रविवार रात वह घर के एक कमरे में सो रहे थे. सोमवार सुबह जब मुख्य दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह बाहर से बंद मिला. इसके बाद पीछे के दरवाजे से बाहर निकलकर देखा तो घर के सूने कमरे की खिड़की की जाली टूटी हुई थी. कमरे में रखी लोहे की अलमारी के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था. चोर अलमारी में रखी चांदी की पायल, अन्य जेवरात तथा नकदी चोरी कर ले गए. चोरी गए सामान की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है.कैलाश कुर्मी ने बताया कि उनका पुत्र दीपेश और बहू भोपाल में रहते हैं, इसलिए उनका कमरा बंद रहता था. चोरों ने मुख्य गेट की चैन काटी, खिड़की की जाली तोड़ी और अलमारी के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया. उन्होंने बताया कि रात में कुछ आवाजें सुनाई दी थीं, लेकिन कमरे का दरवाजा बाहर से बंद होने के कारण वे बाहर नहीं निकल सके.ग्रामीणों ने बताया कि करीब नौ माह पहले भी कैलाश कुर्मी के बड़े भाई फूलसिंह कुर्मी के घर दिनदहाड़े चोरी हुई थी, जिसमें लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी हो गई थी. एक ही परिवार को दो बार निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है. उनका आरोप है कि चोर पहले सूने मकानों की रेकी करते हैं और फिर वारदात को अंजाम देते हैं.लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्राम बरेठा के लोगों में दहशत और नाराजगी का माहौल है. ग्रामीणों ने पुलिस से शीघ्र खुलासा कर चोरों की गिरफ्तारी तथा गांव में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है.

तहसीलदार ने किया जर्जर कृषि विभाग भवन का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

पठारी. नगर के फार्म चौराहा स्थित शिव मंदिर के समीप कृषि विभाग के जर्जर भवन को लेकर नवभारत में प्रमुखता से प्रकाशित समाचार का असर दिखाई दिया. खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और एसडीएम मनीष जैन के निर्देश पर तहसीलदार प्रेमलता पाल ने मौके पर पहुंचकर भवन का निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार प्रेमलता पाल ने भवन की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की. उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के इन दोनों जर्जर कक्षों को वर्ष 2023 में ही डिस्पोज (ध्वस्तीकरण) करने के आदेश जारी कर दिए गए थे, लेकिन विभिन्न कारणों से अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी.तहसीलदार ने कहा कि भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई जाएगी. इससे किसी भी संभावित दुर्घटना की आशंका समाप्त हो सकेगी.उल्लेखनीय है कि नवभारत ने जर्जर भवन की बदहाल स्थिति और उससे उत्पन्न हो रहे खतरे को प्रमुखता से प्रकाशित किया था. इसके बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए निरीक्षण कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है.

कैडर रिव्यू की मांग पर पटवारियों की अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू

नवभारत न्यूज

पठारी. मध्यप्रदेश पटवारी संघ द्वारा कैडर रिव्यू की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर आंदोलन अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है. आंदोलन के तहत सामूहिक अवकाश एवं ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार के बाद सोमवार से पटवारियों ने अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी. हड़ताल के पहले दिन पठारी के पटवारियों ने अपना शासकीय रिकॉर्ड तहसीलदार प्रेमलता पाल को विधिवत जमा कराया.

पटवारी संघ का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक कलमबंद हड़ताल जारी रहेगी. इस दौरान पटवारियों ने किसी भी प्रकार के राजस्व संबंधी कार्य नहीं करने का निर्णय लिया है.पटवारियों की हड़ताल का सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ना तय है. आय, जाति, मूल निवासी सहित विभिन्न प्रमाण-पत्रों के लिए आवश्यक पटवारी प्रतिवेदन नहीं मिल सकेगा. वहीं भूमि सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, फौती जैसे राजस्व प्रकरणों का निराकरण भी प्रभावित होगा.इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, प्राकृतिक आपदा राहत एवं मुआवजा वितरण सहित किसानों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य भी हड़ताल के कारण प्रभावित होने की संभावना है.

यदि हड़ताल लंबी चली तो राजस्व विभाग के दैनिक कार्यों पर व्यापक असर देखने को मिल सकता है.इस अवसर पर पटवारी संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे. उन्होंने सरकार से जल्द कैडर रिव्यू की मांग पूरी कर राजस्व व्यवस्था को सामान्य बनाने की अपील की.

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर सिरोंज में जश्न

नवभारत न्यूज

सिरोंज, दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद सिरोंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया. कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की. शहर के प्रमुख स्थानों छतरी चौराहा एवं सिनेमा चौराहा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था. बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और जीत का जश्न मनाया. इस अवसर पर सिरोंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि जनता ने इस उपचुनाव में भाजपा को नकारने के संकेत दे दिए हैं. उन्होंने कहा कि दतिया से शुरुआत हुई है.

पुरानी मंडी मुआवजा मुद्दा कृषि मंत्री के समक्ष पहुंचा

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयासों से अनाज तिलहन व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर पुरानी मंडी से जुड़े वर्षों पुराने मुआवजा प्रकरण को प्रमुखता से उठाया.

मुलाकात के दौरान व्यापारी संघ ने पुरानी मंडी के प्रभावित व्यापारियों की लंबित मुआवजा मांग से कृषि मंत्री को अवगत कराया. शिवराज सिंह चौहान ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र एवं उचित समाधान कराने का भरोसा दिया.व्यापारी संघ ने कहा कि कृषि मंत्री का सहज एवं जनहितैषी व्यवहार प्रेरणादायक है और उनके मार्गदर्शन में व्यापारियों की समस्या का न्यायपूर्ण समाधान होने की उम्मीद है.प्रतिनिधिमंडल ने इस पहल का श्रेय विधायक हरिसिंह रघुवंशी को देते हुए कहा कि उन्होंने व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या को प्राथमिकता देते हुए प्रभावी ढंग से कृषि मंत्री के समक्ष रखा. व्यापारी संघ ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि पुरानी मंडी मुआवजा प्रकरण का शीघ्र सकारात्मक निराकरण होगा.

नागपंचमी पर अग्रवाल समाज की महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

नवभारत न्यूज

सिरोंज, श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी के अवसर पर नाग पंचमी के पावन पर्व पर अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक विधि-विधान से नाग देवता की पूजा-अर्चना की गई. इस अवसर पर महिलाएं तालाब किनारे स्थित नाग की बांबी पर पहुंचीं और कच्चा दूध, पुष्प, अक्षत एवं दूर्वा अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की. अग्रवाल समाज में सावन माह के प्रारंभ में ही नाग कुल के प्रति कृतज्ञता और आस्था प्रकट करने की परंपरा रही है. नाग पंचमी के दिन समाज की महिलाएं एवं परिवार के सदस्य नाग देवता के निवास स्थान पर जाकर पूजा करते हैं और परिवार की सुख-समृद्धि तथा सर्प भय से मुक्ति की कामना करते हैं.

नाम परिवर्तन सूचना

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र विवेक का नाम परिवर्तित कर विराट धानक रख दिया है। भविष्य में वह सभी शैक्षणिक, कानूनी, प्रशासनिक, शासकीय एवं अन्य अभिलेखों में विराट धानक नाम से ही जाना एवं लिखा जाएगा।

पिता :मनोज कुमार
पितामह : सुरेश कुमार
निवासी : ग्राम ऐचदा खड़ेर, तहसील नटेरन, जिला विदिशा (म.प्र.)

सावन के पहले सोमवार पर निकली भव्य कांवड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

पठारी. सावन माह के प्रथम सोमवार पर आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला. पठारी तहसील के ग्राम शहरवासा से सैकड़ों शिवभक्त कांवड़ लेकर उदयपुर स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए. बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच निकली कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था.ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गांव के लोग सामूहिक रूप से कांवड़ यात्रा निकालते हैं.

सेंट मेरी पीजी महाविद्यालय में खेल समिति का गठन

नवभारत न्यूज

विदिशा. सेंट मेरी पीजी महाविद्यालय में सोमवार को छात्र-छात्राओं की खेल समिति का गठन किया गया. समिति का गठन विद्यार्थियों में खेल भावना, नेतृत्व क्षमता एवं संगठनात्मक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया.

गठित खेल समिति में अंशुल दांगी बीबीए तृतीय वर्ष को अध्यक्ष, अनुष्का मीना बीए प्रथम वर्ष को उपाध्यक्ष, ध्रुव दुबे बीएससी द्वितीय वर्ष को सचिव, रश्मि लोधी बीए प्रथम वर्ष को सह सचिव, प्रगति रोंगे बीबीए प्रथम वर्ष को कोषाध्यक्ष तथा सत्यम कुशवाह बीकॉम प्रथम वर्ष को मीडिया प्रभारी चुना गया.इस अवसर पर संस्था संचालक फादर सिन्टो, सिस्टर प्रभावती, प्राचार्य डॉ. डी.एस. सचान, प्रो. बी.एम. बघेल, अरविंद द्विवेदी, डॉ. गिरीश सुर्जन एवं खेल अधिकारी देवेंद्र नामदेव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है.

।। जाहिर सूचना ।।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति आभा जैन पत्नि श्री सुधीर कुमार जैन निवासी तलैया मोहल्ला तहसील व जिला विदिशा के स्वामित्व व अधिपत्य का एक आवासीय भूखण्ड नं डी-3 कस्बा विदिशा वार्ड नं 04 पुराना वार्ड 28 मोहल्ला अरिहंत विहार कालोनी फेस-4 पटवारी हल्का नं 02 अन्दर सीमा नगर पालिका विदिशा में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 30.×50=1500 वर्गफिट एवं सर्वे नं. 1562/1 व 1563/1 है। जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में प्लाट क्रं डी 4 पर निर्मित वर्षा जैन का मकान, पश्चिम में, प्लाट क्र.डी-2 पर निर्मित विवेक जैन का मकान उत्तर मैन रोड 40 फिट चौड़ा एवं दक्षिण में :- प्लाट क्र. डी- 34 पर निर्मित आलोक का मकान है। जिसका व्यनामा दिनांक 10.12.2025 ई रजि. एम पी 42 आई जी आर 18922025ए101128912 है जिसकी चेन डीड क्र.2378 दिनांक 02.09.2009 कही गुम हो गई जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, मोसायटी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी या आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी।

दिनांक 30/07/2026

जीवन सिंह किरार अभिभाषक
कार्यालय-मैन रोड रामद्वारा विदिशा म.प्र.
मो.न. 9300265996

आयोजन **अटल शिवभक्ति से हर संकट पर मिलती है विजय**

गृहपति अवतार की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में आयोजित 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतारों की कथा श्रृंखला के पांचवें दिन गृहपति अवतार का प्रसंग सुनाया गया. कथा वाचक पंडित धर्मेंद्र भार्गव ने कहा कि जब मनुष्य की शिवभक्ति अटल होती है, तब काल, संकट और विपत्तियां भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकतीं. गृहपति अवतार इसका श्रेष्ठ उदाहरण है.

उन्होंने बताया कि महर्षि विश्वानर और उनकी पत्नी शुचिष्मती ने पुत्र प्राप्ति के लिए कठोर तप किया. उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने स्वयं उनके पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान दिया. समय आने पर गृहपति का जन्म हुआ. देवर्षि नारद ने भविष्यवाणी की कि 12वें वर्ष में अग्नि अथवा विद्युत से उनके जीवन पर संकट आएगा. यह सुनकर माता-पिता चिंतित हुए, लेकिन गृहपति ने भयभीत होने के बजाय भगवान शिव की आराधना का मार्ग चुना. पं. भार्गव ने बताया कि गृहपति ने काशी में कठोर तपस्या की. उनकी साधना से विचलित होकर देवराज इंद्र ने तप भंग करने का प्रयास किया, लेकिन वे अपने संकल्प से नहीं डिगे. अंततः भगवान शिव स्वयं प्रकट हुए और उन्हें अभयदान देते हुए अग्नितत्त्व का अधिष्ठाता बनने का दिव्य वरदान प्रदान किया. उन्होंने कहा कि यह प्रसंग हमें सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा, तप, संयम और निष्काम भक्ति से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं तथा भगवान स्वयं अपने भक्त की रक्षा करते हैं. कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, पूजन एवं महाआरती में भाग लेकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया.